भारतीय मानक ब्यूरो

(हिंदी विभाग)

संदर्भ: हिंदी/कार्यान्वयन/2023 दिनांक: 05.10.2023

विषय : नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में भाग लेना

केंद्रीय सरकार के कार्यालय में राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन और समन्वय की उद्देश्य से विभिन्न नगरों में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति गठित की गई है। राजभाषा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक वर्ष में दो बार छः माह के अंतराल में आयोजित की जाती है। संसदीय राजभाषा समिति के दिशा-निर्देशों के अनुसार इन बैठकों में सदस्य कार्यालय के प्रमुख का भाग लेना अपेक्षित है।

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले निरीक्षणों में नगर राजभाषा समिति की बैठकों में कार्यालय प्रमुख की उपस्थिति के बिंदु को बहुत गंभीरता से लिया जाता है और इस पर कडी प्रतिक्रिया व्यक्त की जाती है।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए भारतीय मानक ब्यूरो के सभी क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध है कि वे नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में अवश्य भाग लें।

वि. कालरा

(विनोद कालरा)

प्रमुख(हिंदी)

बीआईएस के सभी क्षेत्रीय, शाखा कार्यालयों और केंद्रीय प्रयोगशाला को परिचालित।